आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 20.11.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए शांतिपूर्वक मतदान जारी। 11 बजे तक सत्रह दशमलव छह–नौ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।
- प्रदेश सरकार अगले पांच सालों में सकल घरेलू राज्य उत्पाद–जी०एस०डी०पी को दोगुना करने का प्रयास करेगी।
- राज्य के चिकित्सा शिक्षा विभाग में जल्द प्रोफेसरों के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी।
- कर्मचारी राज्य बीमा योजना में 20 लाख से अधिक नए कर्मचारी जुड़े।

उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए शांतिपूर्वक मतदान जारी है। अंतिम जानकारी मिलने तक सत्रह दशमलव छह–नौ प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र के एक सौ तिहत्तर मतदान केंद्रों में से एक सौ तीस केंद्रों में सीसीटीवी के जरिए वेबकास्टिंग की जा रही है। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया में इस्तेमाल हो रही दो सौ पांच गाड़ियों में जीपीएस भी लगाए गए हैं, ताकि इनकी गतिविधियों पर पूरी नजर रखी जा सके।

उपचुनाव में छह प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में नब्बे हजार आठ सौ पचहत्तर मतदाता हैं, जो उपचुनाव में हिस्सा ले रहे उम्मीदवारों का भाग्य आज ई०वी०एम में कैद करेंगे।

गौरतलब है कि केदारनाथ में अब तक हुए पांच विधानसभा चुनावों में से तीन बार भाजपा और दो बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

इस साल जुलाई में भाजपा विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ सीट खाली हो गई थी।

## संबोधन

उत्तराखंड सरकार अगले पांच सालों में सकल घरेलू राज्य उत्पाद–जी०एस०डी०पी को दोगुना करने का प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार कौशल विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। देहरादून के दून विश्वविद्यालय में कौशल विकास और रोजगार कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाओं के अवसर देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

श्री धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत हजारों युवाओं को रोजगार संबंधी प्रशिक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे उत्तराखण्ड के विकास को गति मिली है।

कौशल विकास और रोजगार कॉन्क्लेव में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से आयुष, वैलनेस, पर्यटन, बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण, वन आधारित आजीविका, डिजिटल मार्केटिंग, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, अक्षय ऊर्जा जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी और इससे जुड़े सुझाव प्राप्त किए जांएगे।

## मद्महेश्वर के कपाट

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट आज विधि–विधान और परंपरा के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। इस अवसर पर ढाई सौ से अधिक श्रद्धालु उपस्थित थे। कपाट बंद होने के बाद भगवान मद्महेश्वर जी की उत्सव डोली और देव निशानों ने स्थानीय वाद्य यंत्रों ढोल–दमाऊं सहित बाबा मद्महेश्वर के जय उद्घोष के साथ प्रथम पड़ाव गौंडार को प्रस्थान किया। मंदिर के कपाट बंद होने से पहले कल में यज्ञ–हवन किया गया था और आज सुबह साढ़े चार बजे मंदिर खुल गया था। प्रातः कालीन पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान मद्महेश्वर के दर्शन किये। इसके बाद मंदिर गर्भगृह में कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस वर्ष 17 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मद्महेश्वर धाम के दर्शन किए हैं।

गौरतलब है कि भगवान मद्दमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली आज गौंडार में रात्रि विश्राम के बाद कल राकेश्वरी मंदिर  में प्रवास करेगी। 22 नवंबर को डोली गिरिया जाएगी और 23 नवंबर को भगवान मद्महेश्वर की चलविग्रह डोली अपने देव निशानो के साथ शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में विराजमान हो जायेगी।

## खेल महाकुंभ

खेल महाकुंभ में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाएगी। इसके लिए विभागी स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जल्द इसे लागू कर दिया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों से बातचीत की और उनकी उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना।

## नियुक्ति

प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग में जल्द ही 53 प्रोफेसर, 103 एसोसिएट प्रोफेसर और 440 असिस्टेंट प्रोफेसरों के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही संविदा पर कार्यरत शिक्षकों के वेतनमान में भी बढ़ोतरी की जाएगी ताकि मेडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की किसी भी प्रकार की कमी न रहे। दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित 'चरक शपथ ग्रहण' समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा पेशे का मूल उद्देश्य जन सेवा होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं के विकास पर जोर देते हुए डॉक्टर रावत ने कहा कि सरकार सभी मेडिकल कॉलेजों में ढांचागत व्यवस्था के साथ ही आधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था कर रही है। इसके अलावा कॉलेजों में पर्याप्त फैकल्टी, पैरामेडिकल स्टॉफ और तकनीकी स्टॉफ की भी तैनाती की जा रही है, जिससे एमबीबीएस छात्रों को हर प्रकार की सुविधाएं मिल सके। डॉक्टर रावत ने जोर देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले दो वर्षों में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की 100–100 सीटें स्वीकृत कराना है। इसके लिये राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को समय–समय पर प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं।

## ई.पी.एफ.ओ

केंद्र सरकार ने कहा है कि इस वर्ष सितंबर में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 20 लाख 58 हजार नए कर्मचारियों को पंजीकृत किया गया है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इस योजना से नौ प्रतिशत अधिक कर्मचारी जुडे हैं। कुल कर्मचारियों में से लगभग 49 प्रतिशत कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग के हैं।

## फ्यूचर रेडी युवा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि वर्तमान में रोजगार परिदृश्य तेज़ी से बदल रहे हैं और तकनीकी नवाचार तथा वैश्विक परिवर्तन से रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से नई तकनीकों के अनुकूल बनकर खुद को "फ्यूचर–रेडी" बनाने पर जोर दिया। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में श्री धामी ने कहा कि परिवर्तन के इस दौर में युवाओं को "मांग आधारित कौशल प्रशिक्षण" देने के लिए विभिन्न उद्योगों और कॉरपोरेट संस्थानों के साथ समझौते किए गये हैं। राज्य के तेरह आई०टी०आई. संस्थानों में दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों के साथ–साथ बीस अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही आई०टी०आई काशीपुर में इलेक्ट्रिकल क्षेत्र में एक "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार, युवाओं के कौशल विकास की दिशा में लगातार काम कर रही है। औद्योगिक संस्थानों की मांग के अनुसार युवाओं के कौशल को विकसित करने पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए लघु अवधि के पाठ्यक्रम भी नियमित कराये जा रहे हैं।

## निरीक्षण

हरिद्वार के जिला जज प्रशांत जोशी ने उप कारागार रूड़की का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंदियों से मुलाक़ात की। उन्होंने बंदियों से जेल में भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं, नियमानुसार सरकारी वकील की उपलब्धता, कोर्ट में पेशी, दूरभाष पर पारिवारिक व्यक्तियों से होने वाली बातचीत सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। जज ने बंदियों की समस्याएं पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को आवश्यक निर्देश दिए।

## नए जनरल कोच

यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इस महीने के अंत तक तीन सौ सत्तर से अधिक रेलगाड़ियों में करीब एक हजार नए जनरल कोच जोड़े जाएंगे। रेलवे बोर्ड में सूचना प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि रेलवे ने सभी महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों में ये नए कोच जोड़ने का फैसला किया है।

## औषधि निरीक्षक

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने औषधि निरीक्षक की भर्ती का परिणाम जारी कर दिया है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन—एफडीए को अब 18 नए औषधि निरीक्षक मिल गए हैं। गौरतलब है कि नकली और निम्न गुणवत्ता वाली दवाओं पर नकेल कसने की जिम्मेदारी खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की है। 200 मेडिकल स्टोर और 50 फार्मा कंपनियों पर एक औषधि निरीक्षक का मानक है।

## उपकरण वितरण

पौड़ी जिले की श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत पाबो विकासखंड में कल 270 दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को कृत्रिम अंग और उपकरण वितरित किये जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने क्षेत्र के आम लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास के उन लोगों को इस संबंध में अवश्य सूचित करें, जिन्हें कृत्रिम अंग और उपकरणों की आवश्यकता है।